प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रदेश में चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत कल से सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज कुचामन के दौरे पर–विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 2 हजार 856 करोड़ 62 लाख रूपये स्वीकृत किये।
- प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में देरी से आने वाले और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

000000

प्रदेश में चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत कल से सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। जयपुर द्वितीय के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हंसराज भदालिया ने बताया कि 11 फरवरी से ही जिला और ब्लॉक स्तर पर आमूखीकरण और स्टेक होल्डर्स कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। अभियान के तहत संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में सभी जिलों के अधिकारियों का आमुखीकरण किया जायेगा। आगामी 24 मार्च को राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन को गति देना, समय पर टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम को मजबूत करना है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज दो दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पंहुचेंगे। राज्यपाल तिंवरी तहसील के गांव बिंजवाड़िया पहुंचकर पीएचसी बिंजवाड़िया का दौरा करेंगे। वे कृषि विश्वविद्यालय बिंजवाड़िया की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा किसानों से मुलाकात करेंगे। श्री बागडे का कल जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है।

000000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज कुचामन सिटी के दौरे पर रहेंगे। वे कुचामन के दीपपुरा गांव के समाजसेवी और पूर्व सरपंच भंवराराम कड़वा की प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेंगे। इसके अलावा उनका कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लेना प्रस्तावित है।

-----

00000

अलवर में आयोजित पीएनबी एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम में कल केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने शिरकत की। उन्होंने पीएनबी बैंक द्वारा लगाई गई वित्तीय सेवाओं, एफपीओ, जिला उद्योग केंद्र और पीएनबी आरसेटी की स्टॉल्स का अवलोकन किया। श्री यादव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि सरकार लघु और मध्यम उद्योगों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

-----

000

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले 3 वर्षों में 2 हजार 856 करोड़ 62 लाख रूपये स्वीकृत किये है। इसमे से 976 करोड़ की राशि का वितरण किया जा चुका है। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्रालय, द्वारा विभिन्न पहलों के माध्यम से राजस्थान के पर्यटन स्थलों और अनुभवों को प्रमोट करने के लिए राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

0000

केन्द्र सरकार विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं को एक दायरे में लाने की योजना बना रही है। कल राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि असंगठित क्षेत्रों के लोगों के लिए कई पेंशन योजनाएं उपलब्ध हैं। इनमें अटल पेंशन योजना, पीएम श्रमिक मंथन और पीएम श्रम योगी मंथन शामिल हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि लाभार्थी और सरकार के बराबर योगदान से इन योजनाओं के तहत वर्तमान में लगभग 6 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद तीन से पांच हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी।

00000

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला आज चंडीगढ़ में हरियाणा की 15वीं विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री, संसदीय समितियों के सभापति, संसद सदस्य और विषय विशेषज्ञ हरियाणा विधान सभा के सदस्यों को संसद के विधायी और वित्तीय कार्यों सहित संसदीय लोकतंत्र से संबंधित विभिन्न जानकारियां देंगे। कार्यक्रम में विधायी प्रक्रियाओं में मंत्री की भूमिका, संसदीय विशेषाधिकार और राष्ट्रीय ई–विधान एप्लीकेशन (नेवा) से जुडी जानकारी दी जायेगी। यह आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध और प्रशिक्षण संस्थान की ओर से हरियाणा विधान सभा सचिवालय के सहयोग से किया जा रहा है।

00000

अजमेर में आज से संभाग स्तरीय आरोग्य मेला शुरू हो रहा है। 17 फरवरी तक लगने वाले इस मेले का उद्देश्य आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार–प्रसार करना तथा आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

-----

00000

पाली में आज से साहित्य संगम और पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में आयोजित इस तीन दिवसीय मेले का उद्देश्य नगरवासियों और युवाओं के बीच पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना हैं।

-----

00000